श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/64/एलबीएस/नियमावली/2021-22/ 1298

दिनांक: 01-02-2022

स्मरण-पत्र

अति-आवश्यक

कार्यालयीय सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए शैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार की जानी है। इस संबंध में पत्र क्रमांक सं0: एफ-3/64/ला.ब.शा./नियमावली/2021-22/1238 दिनांक 19.01.2021 के अनुसार संबंधित विभागों को सूचित किया गया था कि वे अपने-अपने विभाग से सम्बद्ध नियमों की जॉच कर अपेक्षित संशोधन, परिमार्जन एवं नवीनीकरण, नियमानुसार सुनिश्चित कर वांछित सूचना अद्योहस्ताक्षरी को निर्धारित तिथि के भीतर शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

प्राय: यह पाया गया है कि कुछ विभागों द्वारा वांछित सूचनाऐं शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जिसके कारण शैक्षणिक नियम परिचायिका का प्रारूप तैयार करने में असुविधा हो रही है। कार्य की महत्ता एवं समयावधि को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों से पुन: अनुरोध है कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित वांछित सूचनाऐं पत्र जारी होने की **तिथि से एक सप्ताह के भीतर** अनिवार्य रूप से शैक्षणिक कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। ताकि प्राप्त हुई सूचनाऐं, शैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा सके। वांछित सूचनाऐं प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित विभाग उत्तरदायी होगा। शैक्षणिक सत्र 2021-22 की शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत।

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं कुलानुशासक
3. छात्रावास अधिष्ठाता
4. प्रभारी एन.सी.सी. एवं प्रभारी एन.एस.एस.
5. सम्पर्क अधिकारी (एस.टी./एस.सी. एवं ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ)
6. समस्त सहायक कुलसचिव
7. सहायक अभियन्ता
8. सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष
9. सहायक प्रोग्रामर (संगणक केन्द्र)
10. अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)
11. प्रभारी क्रीडा विभाग
12. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
13. कुलपति के निजी सचिव
14. कुलसचिव के निजी सचिव
15. सम्बन्धित पत्रावली
16. कार्यालय आदेश पत्रावली